अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2021-22

विषय : व्यवसाय अध्ययन (केवल वाणिज्य वर्ग हेतु)

समय : 3:00 घंटे   कक्षा-11   पूर्णांक : 90

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य है। अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

(बहुविकल्पीय प्रश्न) 5

1. (क) खान से कोयला निकालना है-
   (i) जननिक उद्योग (ii) निवकर्षण उद्योग
   (iii) निर्माण उद्योग (iv) रचनात्मक उद्योग

   (ख) जिन व्यवसायों में जोखिम अधिक होता है, उनमें लाभ की मात्रा होती है-
   (i) कम (ii) अधिक
   (iii) सामान्य (iv) इनमें से कोई नहीं।

   (ग) किसी भी सरकारी कंम्पनी में सरकार द्वारा दत्त पूँजी का अंश होता हे-
   (i) 49% (ii) 51%
   (iii) 50% (iv) 52%

   (घ) संयुक्त हिंदू परिवार व्यापार का मुखिया होता है
   (i) स्वामी (ii) कर्ता
   (iii) संचालक (iv) प्रबंधक

   (ङ) साझेदारी का पंजीयन
   (i) अनिवार्य (ii) ऐच्छिक
   (iii) अनावश्क (iv) आवश्यक

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 'हाँ' या 'नहीं' में दीजिए-
   (क) पार्षद अंतर्नियम कंपनी का प्रमुख प्रलेख होता है।
   (ख) पेशे में मनुष्य को विशिष्ट ज्ञान होना आवश्यक नहीं।
   (ग) औद्योगिक युग में उत्पादन छोटे पैमाने पर किया जाता है।
   (घ) अवयस्क साझेदार का दायित्व असीमित होता है।
   (ङ) एक निजी सीमित कम्पनी प्रतिवरण जारी करती है।

(अतिलघु उत्तरीय प्रश्न) 20

3. आधुनिक युग, औद्योगिक युग की देन है? समझाइए।

4. हुण्डी क्या है?

5. प्राचीन काल के आयात व निर्यात के मुख्य उत्पाद बताइए।

(P.T.O.)

https://www.upboardonline.com

6. कार्य के आधार पर साझेदार कितने प्रकार होते हैं?
7. व्यावसायिक संगठन के विभिन्न स्वरूपों के नाम लिखिए।
8. कंपनी का प्रवर्तक किसे कहते हैं?
9. भारत में किस प्रकार की अर्थव्यवस्था कार्य करती है?
10. सार्वजनिक निगम के कोई दो उदाहरण बताइए।
11. ई-बिजनेश प्रारंभ करने के लिए आवश्यक संसाधन बताइए।
12. बाह्यकरण की आवश्यकता क्यों होती है?

(लघु उत्तरीय प्रश्न) 30

13. समता अंश और पूर्वाधिकार अंश में अन्तर लिखिए।
14. परंमपरागत व्यवसाय व ई-व्यवसाय में अन्तर लिखिए।
15. सार्वजनिक क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले संगठनों का विभाजन करते हुए कुछ संस्थाओं के नाम बताइए।
16. सार्वजनिक निगम निजी क्षेत्र के व्यवसाय से किस प्रकार भिन्न है? कोई दो कारण लिखिए।
17. पेशे का अर्थ एवं परिभाषा लिखिए तथा इसकी विशेषताएँ बताइए।
18. निजी कंपनी व सार्वजनिक कंपनी में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न) 30

19. उद्योग से क्या आशय है, इसको कितने भागों में बाँटा गया है? उनका स्पष्ट वर्णन कीजिए।

अथवा

किसी नये व्यापार की स्थापना से पूर्व विचारणीय तथ्यों का स्पष्ट वर्णन कीजिए।

20. साझेदारी का अर्थ एवं परिभाषा लिखिए तथा साझेदारी व्यवसाय के लक्षणों का स्पष्ट वर्णन कीजिए।

अथवा

साझेदारी संलेख में उल्लिखित बातों को स्पष्ट रूप से लिखिए।

21. ई-ऑनलाइन व्यापार सौदे की प्रक्रिया को बताइए तथा बिजनेस के लिए आवश्यक साधनों का स्पष्ट वर्णन कीजिए।

अथवा

ऋण-पत्र से क्या आशय है? इसकी परिभाषा लिखिए तथा ऋण-पत्रों के भेद का स्पष्ट वर्णन कीजिए। यह कितने प्रकार के होते हैं?

https://www.upboardonline.com